आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 23.04.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कार प्रदान किए।
- द्वीपसमूह के सभी मतदान केन्द्रों से मतदान सामग्रियों को पोर्ट ब्लेयर पहुंचाने का कार्य पूरा कर लिया गया है।
- पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने पुलिस कर्मियों का आहवान किया है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते समय पूरी ईमानदारी बरतें और पेशेवर तरीके से ड्यूटी को अंजाम दें।
- यूजीसी ने घोषणा की है कि चार वर्षीय स्नातक डिग्री धारक अब सीधे नेट की परीक्षा में शामिल हो सकते हैं और किसी भी विषय में पीएचडी कर सकते है।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह चिकित्सा आयुर्विज्ञान संस्थान ने त्वचा रोग सर्जरी की शुरूआत की है।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति ने पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, भरतनाट्यम नृत्यांगना डॉ. पद्मा सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण से सम्मानित किया। बिंदेश्वर पाठक को सामाजिक कार्य के लिए मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति ने अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, प्रसिद्ध गायिका उषा उथुप, कालाजार पर अनुसंधान और नीति में योगदान के लिए डॉ० चंद्रेश्वर प्रसाद ठाकुर को पद्म भूषण से अलंकृत किया। मराठी फिल्म निर्देशक दत्तात्रय अंबादास मयालू और पूर्व केंद्रीय मंत्री राम नाईक को पद्म भूषण पुरस्कार प्रदान किये गये। टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना को पद्मश्री पुरस्कार मिला। पद्मश्री पाने वाले अन्य लोगों में लकड़ी पर नक्काशी करने वाले जम्मू–कश्मीर के प्रसिद्ध शिल्पकार गुलाम नबी डार, असम के आदिवासी किसान सरबेश्वर बसुमतारी, सर्जन डॉ० प्रेमा धनराज और आयुर्वेद डॉक्टर मनोहर कृष्ण डोले शामिल हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए कराए गए मतदान की मतदान सामग्रियां द्वीपों के सभी मतदान केन्द्रों से पोर्ट ब्लेयर पहुंच चुकी हैं। कल कैम्पबेल–बे से जलयान में ई वी

एम और वी वी पैट मशीन पोर्ट ब्लेयर पहुंची और इसे कड़ी सुरक्षा के बीच जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के स्ट्रॉन्ग रूम में रखा गया है। कैम्पबेल–बे से केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल और एक्जिक्यूटिव मजिस्ट्रेटों की निगरानी में इन सामग्रियों को लाया गया। अब सामान्य पर्यवेक्षक बी एन सिंह, निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा और अन्य चुनाव तथा पुलिस अधिकारियों की निगरानी में स्ट्रॉन्ग रूम को सील कर दिया गया है। सील करने की प्रक्रिया के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार भी उपस्थित थे। स्ट्रॉन्ग रूम की चौबीसों घंटे सुरक्षा की जा रही है और कॉलेज में तीन स्तरीय सुरक्षा के प्रबंध भी किए गए है।

<><><><><><><>

पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने पुलिस कर्मियों का आहवान किया है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते समय पूरी ईमानदारी बरतें और पेशेवर तरीके से ड्यूटी को अंजाम दें। वे कल पुलिस प्रशिक्षण स्कूल प्रातरापुर में पुलिस मोटर ट्रांसपोर्ट के पांच नए प्रशिक्षु उप–निरीक्षकों के शपथ ग्रहण समरोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से पुलिस बल को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि हम अपनी क्षमताओं में बढ़ोत्तरी कर रहे हैं और सुदूर द्वीपों में भी जरूरतों को पूरा किया जा रहा है। पुलिस प्रशिक्षण स्कूल में मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए कई कदम उठाए गए हैं और इसके लिए लाखों रूपये खर्च भी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि द्वीपों में पुलिस बेड़े को आदर्श बनाने का प्रयास किया जा रहा है और इसके लिए प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। श्री देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि मुख्यभूमि के विभिन्न क्षेत्रों में उप–पुलिस निरीक्षक कार्यकारी और आई आर बी एन के कर्मी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होने कहा कि हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि पुलिस बल को बेहतर से बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने नवनियुक्त पुलिस कर्मियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अब अपने करियर की शुरूआत करने जा रहे हैं। ड्यूटी के दौरान अपने अधीनस्थ और अपने से वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उनके अनुभवों को ग्रहण करें और अच्छी सेवाएं दें।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक ने दिशांत प्रसाद को सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षणार्थी बनने पर ट्राफी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में आला पुलिस अधिकारियों के साथ प्रशिक्षु पुलिस कर्मियों के परिजन भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, यूजीसी ने घोषणा की है कि चार वर्षीय स्नातक डिग्री धारक अब सीधे नेट की परीक्षा में शामिल हो सकते हैं और किसी भी विषय में पीएचडी कर सकते हैं। जहां भी ग्रेडिंग प्रणाली का पालन किया जाता है, वहां उम्मीदवारों के पास कुल मिलाकर न्यूनतम पचहत्तर प्रतिशत अंक या पॉइंट स्केल पर इसके समकक्ष ग्रेड होना चाहिए। ऐसे उम्मीदवारों को उस विषय की परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी। शिक्षाविद डॉ. संत कुमार चौधरी ने बताया कि इससे छात्रों के समय की बचत होगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने अपनी शैक्षणिक सामग्री के कॉपीराइट उल्लंघन को लेकर चेतावनी जारी की है। चेतावनी में कहा गया है कि यदि कोई भी व्यक्ति या संस्थान कॉपीराइट अनुमति के बिना एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों की सामग्री का व्यावसायिक उपयोग के लिए प्रकाशन करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एनसीईआरटी ने लोगों से ऐसी पाठ्यपुस्तकों या कार्यपुस्तिकाओं का उपयोग न करने का आग्रह किया है और कहा है कि उनमें दी गई सामग्री तथ्यात्मक रूप से गलत हो सकती है। यह भी सलाह दी गई है कि यदि किसी व्यक्ति को ऐसी पायरेटेड पाठ्यपुस्तकें या कार्यपुस्तिकाएं मिलती हैं, तो एनसीईआरटी को ईमेल pd.ncert@nic.in के माध्यम से इस विषय में तुरंत सूचित करें। एनसीईआरटी ने कहा है कि वह स्कूली शिक्षा के सभी चरणों के लिए पाठ्यपुस्तकों के विकास और प्रसार के लिए उत्तरदायी है तथा शैक्षणिक और शिक्षण संसाधनों का अधिकृत स्रोत है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह चिकित्सा आयुर्विज्ञान संस्थान ने त्वचा रोग सर्जरी की शुरूआत की है। त्वचा रोग विभाग की डॉ. अरिशा सलीम को इसके लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया है, ताकि वे द्वीपवासियों के लाभ के लिए इस प्रक्रिया को अंजाम दे सके। डॉ. अरिशा को मस्सा, तिल, सौम्य ट्यूमर और घातक त्वचा विकार को हटाने के साथ त्वचा विज्ञान शल्य चिकित्सा प्रक्रियाओं को संभालने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। शुरू की गई अन्य कॉस्मेटिक प्रक्रियाओं में नाक छिदवाना, बंद करना, मुहासे और त्वचा के मालिनीकरण के लिए रसायनिक पिल्स आदि शामिल है। बालों के झड़ने और गंजेपन के शिकार मरीजों के बालों के विकास को बहाल करने के लिए हेयर ट्रांसप्लांट सर्जरी जैसे नवीनतम तौर–तरीकों को

जल्द ही अपनाया जाएगा। पोर्ट ब्लेयर में इस सेवा के शुरू होने से द्वीपों के मरीजों को उपचार के लिए लम्बी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। मुम्बई अस्पताल में प्रशिक्षित डॉक्टर की मदद से मरीजों का विशेष ध्यान रखा जाएगा और त्वचा संबंधी रोग में काबू पाया जा सकेगा। इस डॉक्टर के मदद से अनिम्स के अन्य डॉक्टरों को सीखने और शोध करने का अवसर मिलेगा। यह प्रयास द्वीपों में स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में अनिम्स की एक उपलब्धि होगी। इस सेवा के विस्तार से द्वीपवासियों को काफी लाभ मिलेगा।

<><><><><><><>

प्रातरापुर के महावीर नगर में भगवान हनुमान सेवक समिति की ओर से हनुमान प्रतिमा उद्‌घाटन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम आज सुबह साढ़े दस बजे से आरंभ होगा। पूजा–अर्चना के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम पच्चीस अप्रैल तक चलेगा।

उधर, चिन्मया मिशन पोर्ट ब्लेयर की ओर से हनुमान जयंती के अवसर पर आज शाम पांच बजे से रात्रि आठ बजे तक भजन, सत्संग और अभिषेकम का आयोजन किया जाएगा। शाम पांच बजे से साढ़े छह बजे के बीच सुंदरकांड पाठ किया जाएगा ।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस और भारतीय तटरक्षक के संयुक्त प्रयासों के चलते तटरक्षक को रटलैंड द्वीप के पास पिछले दिनों चौदह म्यांमारी को पकड़ने में सफलता हासिल हुई है। इसके अलावा डिगनाबाद के दो जागरूक मछुआरे महेश और वीरा स्वामी द्वारा दिए गए सूचना के आधार पर ब्रिचगंज के बम्बू राफ्ट क्षेत्र से तीन म्यांमारी घुसपैठियों को पकड़ा गया। पकड़े गए सभी घुसपैठियों के पास से सी–कुकुम्बर आदि बरामद किए गए। पकड़े गए सभी कथित घुसपैठियों को पोर्ट ब्लेयर में कोर्ट के समक्ष पेश किया गया, जिनमें से दस को न्यायिक हिरासत में तथा चार को पुलिस की कस्टडी में भेजा गया।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पोर्ट ब्लेयर में कार्यक्रम आयोजित होने और भारतीय चुनाव आयोग द्वारा एक्जिट पोल पर एक जून तक प्रतिबंध लगाए जाने के समाचार को – द डेली टेलीग्रम्स ने पहले पन्नें में प्रमुखता दी है। – द्वीप समाचार ने कुछ पेय पदार्थों के हानिकारक होने और इससे परहेज करने का परामर्श जारी किए जाने के समाचार को पहले पन्ने के उपरी भाग में प्रकाशित किया है। विश्व पृथ्वी दिवस के

अवसर पर चिडियाटापू में तट सुरक्षा अभियान चलाए जाने के समाचार को –अंडमान क्रोनिकल में जगह मिली है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत की सम्प्रभुता तथा सैनिकों के दृढ़ संकल्प का प्रतीक है सियाचिन– इंफो इंडिया की खबर है। आई पी एल के दौरान अंपायर के फैसले पर विरोध करने के लिए विराट कोहली पर जुर्माना लगाए जाने के समाचार को – द इको ऑफ इंडिया ने अपने खेल पन्ने में जगह दी है।

<><><><><><><>